# गंगा एक्सप्रेसवे के लिए मिली पर्यावरणीय मंजूरी

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए राज्यस्तरीय पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन अधिकरण ने शनिवार को पर्यावरणीय मंजूरी जारी कर दी। अब इसके लिए टेंडर प्रक्रिया जल्द पूरी कर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

इस परियोजना की अनुमानित लागत 36,230 करोड़ रुपये है। इसके विकास के लिए पीपीपी (टॉल) मोड पर डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ऑपरेट एंड ट्रांसफर (डीबीएफओटी) पद्धति पर निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। गंगा एक्सप्रेसवे 594 किमी लंबा होगा और निर्धारित स्थान से ही वाहनों के प्रवेश व निकासी होगी। यह मेरठ के बिजौली ग्राम के पास से प्रारंभ होकर प्रयागराज बाईपास पर जुडापुर दांदू गांव के पास समाप्त होगा।



**36230 करोड़ रुपये की लागत से 594 किमी का होगा निर्माण**

## मिल चुकी है 94 प्रतिशत भूमि

यह एक्सप्रेसवे 12 जिलों मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज से होकर गुजरेगा। यह 6 लेन चौड़ा व 8 लेन विस्तारणीय होगा। परियोजना के लिए लगभग 94 प्रतिशत भूमि खरीदी या अधिगृहीत की जा चुकी है।